दिन— मंगलवार | दिनांक— 19 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। | अवधिः— 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार का फैसला— सभी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क अब केवल सौ रुपये ही देने होंगे। मुख्य परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।
02. एनडीए नेताओं ने राहुल गांधी के मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान दिये आपत्तिजन बयानों की तीखी आलोचना की।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सूदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के प्रत्याशी।
04. और, गंगा, कोसी, गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी से बाढ़ प्रभावित इलाकों में मामूली सुधार। कटिहार और बेगूसराय में नहीं बदले हैं हालात।

———————————————————————

राज्य मंत्रिमंडल ने सभी प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क घटाकर मात्र एक सौ रुपये करने को मंजूरी दे दी है। राज्य मंत्रीमंडल ने इस प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है कि मुख्य परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। एक रिपोर्ट...

———बाईट———

मंत्रीमण्डल के इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमज़ोर उम्मीदवारों को एक बड़ी राहत मिलने की आशा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया। आवेदन शुल्क में यह कमी बिहार लोक सेवा आयोग के अलावा, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, बिहार पुलिस अधीनस्थ सेवा आयोग और केंद्रीय सिपाही चयन बोर्ड, बिहार द्वारा आयोजित परीक्षाओं पर भी लागू होगी। इस निर्णय से परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं द्वारा ली जाने वाली कई परीक्षाओं में प्रारंभिक परीक्षा शुल्क में लगभग आठ गुना कमी आई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इससे पहले 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में राज्यवासियों को संबोधित करते हुए इस निर्णय की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि उम्मीदवारों को मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा। पटना से धर्मेंद्र राय की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

———————————————————————

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा आज शेखपुरा पहुंची। इससे पहले नवादा जिले के मझवे बाजार और हिसुआ बाजार में श्री गांधी ने लोगों से बातचीत की। बाद में शहर के भगत सिंह चौक पर एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर में जानबूझकर गड़बड़ी की जा रही है और उनकी पार्टी

और गठबंधन इसका विरोध जारी रखेगा। यात्रा में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के वरिष्ठ नेता भी भाग ले रहे हैं।

————————————————————

राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा को एनडीए नेताओं ने असफल बताया है। केन्द्रीय गहृ राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राहुल गांधी की भाषा शैली को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी है। श्री राय ने कहा कि राहुल गांधी वोटर अधिकार यात्रा के दौरान लगातार आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति लेकर घुमने वाले राहुल गांधी को संविधान का सम्मान भी करना चाहिए।

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यात्रा का उद्‌देश ही साफ नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया की क्या नेता प्रतिपक्ष फर्जी वोटरों को मतदाता सूची में शामिल करवाना चाहते हें।

———बाईट———

————————————————————

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा पूरी तरह फ्लॉप है। श्री जायसवाल ने पटना में संवादाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि राज्य की जनता ने महागठबंधन के नेताओं की दलीलों को खारिज कर दिया है।

———बाईट———.

————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी के पास लोगों को भरमाने के अलावा कोई काम नहीं है। श्री चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि महागठबंधन नेताओं की मतदाता अधिकार यात्रा वास्तव में परिवार बचाओ यात्रा है।

———बाईट———

वहीं, लोजपा रामविलास की सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा से महागठबंधन को कोई फायदा नहीं होगा। नई दिल्ली में संसद परिसर में पत्रकारों से से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि बिहार की जनता विकास करने के मुद्‌दे के साथ है और राज्य का विकास करने वाले एनडीए गठबंधन के लिए वोट करेंगे।

———बाईट———

————————————————————

चुनाव आयोग ने कहा है कि एक अगस्त को जारी मतदाता सूची पर उन्नीस दिन बाद भी अब तक किसी राजनीतिक दल ने दावा आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रारूप प्रकाशन के बाद अभी तक बावन हजार दो सौ पचहत्तर निर्वाचकों से सीधे दावा आपत्ति के आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें से एक हजार सात सौ पैंसठ मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही अठारह वर्ष और अधिक उम्र के एक लाख तिहत्तर हजार से अधिक नये मतदाताओं ने सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन दिया है।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार के ड्राफ्ट मतदाता सूची से बाहर रह गये मतदाता वोटर लीस्ट में नाम शामिल करने के लिए अपने आधार की प्रति जमा कर सकते है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने आधार को स्वीकार करने का निर्देश दिया था। आयोग ने कहा कि नियमों के अनुसार दावों आपत्तियों का निपटारा निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा किया जायेगा। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि जिनके नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे अपने इपिक नम्बर से कारण सहित प्रविष्टि की सूचना और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

---

पूर्व केन्द्रीय मंत्री नागमणि पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा और पूर्व मंत्री सुचित्रा सिन्हा आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। पटना स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने इन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत अन्य गणमान्य नेता मौजूद थे।

---

जनसुराज पार्टी के प्रदेश महासचिव सुधीर शर्मा को पार्टी के चुनाव अभियान समिति का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा को सभी बारह प्रमंडलीय चुनाव अभियान समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक और चुनावी गतिविधियों का संचालन करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक के दौरान एनडीए सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया। बैठक के बाद संसदीय

कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए सभी दलों से श्री राधाकृष्णन का समर्थन करने का आग्रह किया है।

———————————————————————

इंडिया गठबंधन ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित किया है। श्री रेड्डी के कल अपना नामांकन दाखिल करने की सम्भावना है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इक्कीस अगस्त तक नामांकन दाखिल किया जायेगा जबकि नौ सितम्बर को चुनाव होगी।

———————————————————————

प्रदेश के गांवों को बैंकिंग, बीमा, पेंशन तथा अन्य सुविधाओं से जोड़ने के लिए एक जुलाई से तीस सितम्बर तक अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक के पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने बताया कि इसके तहत ग्राम पंचायतों में साढ़े चार हजार से अधिक शिविर लगाकर एक लाख सत्तर हजार से अधिक प्रधानमंत्री जनधन खाते खोले गए हैं।

———बाइट———

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो रहा है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने कहा है कि अगले पांच दिनों तक राज्य के विभिन्न भागों में भारी बारिश की सम्भावना है। इधर, पिछले चौबीस घंटों में औरंगाबाद के मदनपुर में सबसे अधिक सड़सठ दशलव चार मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी।

———————————————————————

गंगा, गंडक और कोसी समेत राज्य से होकर गुजरने वाली विभिन्न नदियों का जलस्तर अलग—अलग स्थानों पर घट रहा है या स्थिर बना हुआ है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, मुंगेर, भागलपुर और कहलगांव में कमी दर्ज की गयी है।

———————————————————————

इधर, नदियों के जलस्तर में कमी के बावजूद कटिहार जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात में कोई सुधार नहीं है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———बाईट———

गंगा, महानंदा, कोसी, कारी कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर घटने के बावजूद जिले के बाढ़ प्रभावित अमदाबाद, कोढ़ा, प्राणपुर, समेली, मनसाही, मनिहारी, बरारी और कुरसेला प्रखंड में हालात बदतर बने हुये हैं। कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैला हुआ है और सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। इन इलाकों में करीब साढ़े छह लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है। इधर, नदियों के जलस्तर में कमी के बाद अमदाबाद, मनिहारी, बरारी, कुर्सेला समेत कई इलाकों में कटाव भी तेज हो गया है। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया कि सभी तटबंध और स्पर सुरक्षित हैं और चौकसी बरती जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

वहीं, बेगूसराय में भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एक बड़ी आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ इलाकों में पानी निकलने के बाद महामारी का खतरा उत्पन्न हो गया है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल, बलिया, तेघड़ा, मटिहानी, बछवाड़ा और सदर प्रखंडों में बाढ़ के हालात विकट बने हुये हैं। कई क्षेत्रों में फसलों के डूबने से पशु चारे का संकट भी खड़ा हो गया है। इधर, कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी धीरे–धीरे निकल रहा है। जिसके बाद गंदगी और सरांध से महामारी का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन की ओर से ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में बत्तीस मेडिकल टीमे तैनात की गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

———————————————————————

शेखपुरा की एक स्थानीय अदालत ने जमीनी विवाद में एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के दोषी व्यक्ति को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

रोहतास जिले के दो वैज्ञानिकों को रमाकांत सिंह और हरेन्द्र प्रसाद शर्मा को मेन्था की खेती और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए आईसीएआर ने सम्मानित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य सरकार का फैसला– सभी प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए आवेदन शुल्क अब केवल सौ रुपये ही देने होंगे। मुख्य परीक्षा के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।
02. एनडीए नेताओं ने राहुल गांधी के मतदाता अधिकार यात्रा के दौरान दिये आपत्तिजन बयानों की तीखी आलोचना की।
03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को समर्थन देने की अपील की। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सूदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के प्रत्याशी।
04. और, गंगा, कोसी, गंडक समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी से बाढ़ प्रभावित इलाकों में मामूली सुधार। कटिहार और बेगूसराय में नहीं बदले हैं हालात।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।